संख्या- 26/865/84-डे0ई0-13-नि0-42/13टी0सी0-।

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 14 अक्टूबर, 2013

विषय:- उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था के कार्मिकों को ए0सी0पी0 की सुविधा अनुमन्य कराये जाने के संबंध मे।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-668/सचि0से0स0(1)/2013, दिनांक 26 सितम्बर, 2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें ।

2- इस संबंध में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया यह अवगत करायें कि क्या उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था के कार्मिकों को ए0सी0पी0 की सुविधा अनुमन्य कराये जाने के संबंध मे संस्था के प्रबन्धकारिणी समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है तथा प्रबन्धकारिणी समिति के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि संस्था शत-प्रतिशत रूप से राजकीय अनुदान से संचालित है, एवं उनके लिये अतिरिक्त बजटीय प्राविधान करा दिया गया है। यदि नहीं, तो उपरोक्तानुसार कार्यवाही करते हुए सूचना शासन को एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in